प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 119वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

उद्योग मंत्री

ऊना जिला के हरोली में प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क के लिए सभी जरूरी निविदाएं 8 मार्च से पहले जारी की जाएगी। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में कल शिमला में हुई बल्क ड्रग पार्क इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की उच्च स्तरीय समिति बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को इस महत्त्वपूर्ण परियोजना के कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि इसे समयबद्ध पूर्ण किया जा सके।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है जबकि कुछ स्थानों पर बादल छाए हैं। उंचाई वाले क्षेत्रों में पिछले दिनों हुई बर्फबारी से बंद सड़क मार्गों को बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। चंबा जिला के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि बर्फबारी से 97 सड़क मार्ग, करीब 2 सौ बिजली के ट्रांसफार्मर और जल शक्ति विभाग की कई पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं।

उधर बीते कल कुल्लू जिला में मनाली के कोठी रिज क्षेत्र की स्की ढलानों में स्कीइंग करते हुए दुर्घटना होने से रूसी पर्यटक की मृत्यु का समाचार है।

रोहित ठाकुर

प्रदेश में विद्यार्थियों की कम संख्या वाले 78 स्कूल और 16 कॉलेज मर्ज होंगे। शिक्षामंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में कल शिमला में हुई विभागीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस संबंध में अंतिम मंजूरी के लिए प्रस्ताव कैबिनेट बैठक में भेजा जाएगा। इस अलावा स्कूलों और कॉलेजों में कार्यरत सरप्लस शिक्षकों के युक्तिकरण के तहत तबादलें करने का फैसला भी लिया गया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बंद होने वाले कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को नजदीक संस्थानों में शिफ्ट किया जाएगा।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

दैनिक जागरण मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–नशे पर वार, बार–बार अपराध पर आएगा विधानसभा में सख्त कानून। इसी पत्र की एक अन्य ख़बर है–हिमाचल में छठे वित्त आयोग की नियुक्ति की अधिसूचना जारी।

अमर उजाला का शीर्षक है–छात्रवृति घोटले में हिमालयन ग्रुप की 18 करोड़ 27 लाख की संपति कुर्क।

पंजाब केसरी की सुर्खी है–ग्लेशियर पिघलने से पार्वती नदी में बाढ़ का खतरा बढ़ा।

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर हो सकते हैं नए प्रदेशाध्यक्ष, घोषणा होना वाकी– ख़बर भी आज सभी समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुई है।

दिव्य हिमाचल शिक्षामंत्री रोहित ठाकुर के हवाले से लिखता है–शिक्षा विभाग में नहीं हटेगा ट्रांसफर से बैन।

————————————